Need to address the issue of land subsidence caused by Coal mine blasts in Jharkhand.-laid

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह) **:** केशलपुर कुम्हार बस्ती,केशलपुर मुंडा धौड़ा,पूर्वी बसुरिया में चार-पाँच माह से बस्ती के बगल में बीसीसीएल के कतरास क्षेत्र स॰4 के आउटसोर्सिंग परियोजना विस्तार से भू-धसान हो रही है जिससे ग्रामीणों का जीवन खतरे में है एवं ग्रामीणों को शीघ्र विस्थापित कर पुनर्वास तथा रोजगार की व्यवस्था करना आवश्यक है । ख़ान सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर परियोजना विस्तार,तय मानकों से ज़्यादा हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है और प्रत्यक्षदर्शी के रूप में यह सूचित कर रहा हूँ की इन जगहों पर खुले आम कोयला चोरी भी हो रही है जहाँ कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है । बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा परियोजना की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कोई व्यवस्था नहीं है । मेरे बार बार सचेत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसका परिणाम है कि 22 जुलाई, 2025 को वहाँ चाल धंस गयी और 5 लोगों उसमे समा गए । ऐसी ही घटना कुछ दिन पहले रामगढ़ में हुई थी जिसमे 4 लोगों की जान गयी थी । यहाँ तो अमानवीय ढंग से बचाव कार्य भी एक दिन बाद शुरू की गयी । मेरे बार बार सचेत करने के बाद भी प्रबंधन आउटसोर्सिंग कंपनियों पर कोई कार्रवाई नहीं करती है और कोयला मंत्रालय भी ऐसी घटना को गंभीरता से नहीं लेता जिसका नतीजा है की एक माह मे 10 जान चली गयी ।